बी.पी.ए.सी-131

कला स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी ए जी)
**BAG**

सत्रीय कार्य
जूलाई 2021 और जनवरी 2022

पाठ्यक्रम कोड : बी पी ए सी-131
# लोक प्रशासन पर परिप्रेक्ष्य

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# बी.पी.ए.सी.-131 : लोक प्रशासन पर परिप्रेक्ष्य

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम.निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता है : (i) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30% तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70% होता है।

आपको एक 6 क्रेडिट पाठय क्रम के लिए 3 तथा 4 क्रेडिट पाठय क्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं।

इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके पाठयक्रम **बी.पी.ए.सी.-131 : लोक प्रशासन पर परिप्रेक्ष्य** का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है। यह पाठय क्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य हैं जिनके अंकों का योगफल 100 है और भार 30% है।

**सत्रीय कार्य–क** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इन का प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य–ख** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य–ग** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

सत्रीय कार्य जमा करना

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2021 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए<br>जनवरी 2022 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 30 अप्रेल 2022<br>31 अक्टूबर 2022 | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्यों में दिये गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशों के अनुसार देंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन** : प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन** : अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।

सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :

(क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;

(ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और

(ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तरों से स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम उत्तर साफ.साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

शुभकामनाओं के साथ !!!

लोक प्रशासन संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,

इग्नू, नई दिल्ली

**बी.पी.ए.सी.-131 : लोक प्रशासन पर परिप्रेक्ष्य**
**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

पाठ्यक्रम कोड : बी.पी.ए.सी.-131
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी. / टी.एम.ए. / जुलाई–2021–जनवरी– 2022
पूर्णांक : 100

## सत्रीय कार्य – क

**निम्नलिखित में से प्रत्येक के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।**

1. लोक प्रशासन के अर्थ, स्वरूप और कार्यक्षेत्र की विवेचना कीजिए। **20 अंक**
2. लोक नीति के विभिन्न उपागमों का वर्णन कीजिए। **20 अंक**

## सत्रीय कार्य – ख

**निम्नलिखित में से प्रत्येक के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।**

3. नौकरशाही पर जे. एस. मिल और हीगल के विचारों का वर्णन कीजिए। **20 अंक**
4. साइमन की सीमित तर्कसंगतता की अवधारणा का परीक्षण कीजिए। **20 अंक**
5. लोक चयन उपागम की विशेषताओं की विवेचना कीजिए। **20 अंक**

## सत्रीय कार्य – ग

**निम्नलिखित में से प्रत्येक के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।**

6. मात्रात्मक दर मजदूरी प्रणाली से आप क्या समझते हैं? **6 अंक**
7. रिले असैंबली प्रयोगों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **6 अंक**
8. संतोषजनक और असंतोषजनक कारकों की अवधारणाओं पर टिप्पणी कीजिए। **6 अंक**
9. लोक उपागम के नियामक सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। **6 अंक**
10. संगठनात्मक मानवतावाद से आप क्या समझते हैं? **6 अंक**